महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

NAACA++ Accredited: ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified

पत्रांकः–रू0वि0 / रासेयो / 2026 / 2208 - 2214 दिनांकः–12.05.2026

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / कार्यक्रम अधिकारी,
विश्वविद्यालय परिसर एवं बरेली मण्डल के समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय (रा0से0यो0),
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

विषयः–"सर्व ब्रिक्स 2026: बेहतर कल के लिए स्वयंसेवा" के अन्तर्गत 29 अप्रैल से 31 जुलाई 2026 की अवधि के दौरान प्रस्तावित कार्यक्रम के आयोजन सम्बन्धी।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय के संलग्न पत्र संख्या स0 15–1 / रा0से0यो0 / क्षे. नि / लख / 2026–27 / 1473–1614, दिनांक 07 मई, 2026, का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, कि सामुदायिक सेवा परियोजनाओं एवं साझा वैश्विक चुनौतियों पर युवाओं द्वारा कार्य करने के लिए मंच प्रदान करने के उदेश्य से भारत सरकार द्वारा 2026 में ब्रिक्स की अध्यक्षता के दौरान शुरू की गई प्रमुख युवा–केंद्रित स्वयंसेवी पहल **"सर्व ब्रिक्स 2026 बेहतर कल के लिए स्वयंसेवा"** के तहत 29 अप्रैल से 31 जुलाई 2026 अवधि के दौरान विभिन्न दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन हेतु निर्देशित किया है। उक्त संबंध में प्रस्तावित प्रमुख गतिविधियों की एक श्रृंखला निम्नलिखित है।

1. तम्बाकू – निषेध दिवस– 31 मई, 2026
2. विश्व साइकिल दिवस – 03 जून, 2026
3. विश्व पर्यावरण दिवस – 05 जून, 2026
4. अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2026
5. वन महोत्सव सप्ताह –01 – 07 जुलाई, 2026
6. विश्व जनसंख्या दिवस– 11 जुलाई, 2026

अतः आपसे अनुरोध है कि विश्वविद्यालय / महाविद्यालय के रा0से0यो0 ईकाईयों के स्वयंसेवकों के माध्यम उपरोक्तानुसार 29 अप्रैल से 31 जुलाई, 2026 की अवधि के दौरान विभिन्न सन्दर्भित दिवसों के उपलक्ष्य में वार्ता / वेबिनार सहित अन्य जन–जागरूकता गतिविधियां आयोजित करना सुनिश्चित करें, साथ ही उक्त अवधि के दौरान आयोजित किये जाने वाली गतिविधियों में रा0से0यो0 के स्वयंसेवकों की अधिकतम सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए उनके द्वारा दिए गए अधिकतम घंटों के योगदान का उचित दस्तावेजीकरण और निगरानी भी किया जाना आवश्यक है। उक्त विषयक आयोजित की जाने वाली सभी गतिविधियों का माय भारत पोर्टल पर KI/NSS/PO पेज से इवेंट क्रिएट करते हुए विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अवश्य अपलोड भी किया जाना अनिवार्य है।

संलग्न–यथोक्त।

भवदीय

डॉ0(राजीव कुमार यादव)
कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचानार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. क्षेत्रीय निदेशक, रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय केन्द्रीय भवन आठवॉ तल, हाल न0–1, सेक्टर–एच, अलीगंज लखनऊ–226024
2. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी रा0से0यो0को0, उच्च शिक्षा विभाग, कक्ष संख्या–55, बहुखण्डी भवन, तृतीय तल, सचिवालय, उ0प्र0 शासन लखनऊ– 226001
3. कुलसचिव महोदय के संज्ञानार्थ।
4. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी महोदय के संज्ञानार्थ।
5. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
6. बेवसाइट प्रभारी को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

Rajiv

कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना